DPL–03

June – Examination 2023

Diploma in Prakrit Language Examination

प्राकृत भाषा में डिप्लोमा

प्राकृत व्याकरण एवं रचना

Paper : DPL-03

*Time : **3** Hours*] [*Maximum Marks : **100***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **10×2=20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. (i) भरत मुनि कृत नाट्यशास्त्र में प्राकृत के किन रूपों का उल्लेख हुआ है ?

(ii) प्राकृत भाषा में स्वीकार अर्थ में किस अवयव का प्रयोग होता है ?

(iii) गणनावाचक संख्या शब्द चौंतीस (34) को प्राकृत में क्या लिखा जाएगा ?

(iv) वीसा शब्द की पंचमी विभक्ति तथा एकवचन का रूप लिखिए।

(v) प्राकृतभाषा में कितने लिङ्ग माने गए हैं ? नाम लिखिए।

(vi) उत् + औतो का सन्धियुक्त पद लिखिए।

(vii) भामह कृत मनोरमा टीका किस ग्रन्थ की है ?

अधोलिखित हिन्दी वाक्यों का प्राकृत में अनुवाद कीजिए—

(viii) हम सब साथ गाते हैं।

(ix) एक मन्त्री आता है।

(x) वह तीनों लोकों में प्रिय है।

खण्ड—ब **4×10=40**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।

2. प्राकृत प्रकाश के प्रमुख टीकाकारों का परिचय दीजिए।

3. 'स्त्रियामुदोतौ' सूत्र की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।

4. समास किसे कहते हैं ? प्राकृत में समास के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

5. आचार्य हेमेन्द्र के कृतित्व एवं व्यक्तित्व की समीक्षा कीजिए।

6. सूत्र विश्लेषण के पाँच सोपानों का वर्णन कीजिए।

7. वीसा शब्द को सातों विभक्ति तथा दोनों वचनों में लिखिए।

8. वररुचि कृत प्राकृत प्रकाश के आधार पर संज्ञा शब्द रूपों का वर्णन कीजिए।

9. भाषा को नियमबद्ध करने में व्याकरण की क्या भूमिका होती है ? समझाइये।

खण्ड—स **2×20=40**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

10. प्राकृत व्याकरण में शब्दों के रूपान्तरण का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

11. प्राकृत व्याकरण में सन्धि का वर्णन कीजिए।

12. प्राकृत व्याकरण में कारकों का वर्णन कीजिए।

13. प्राकृत भाषा कृदन्त एवं तद्धित प्रत्ययों पर एक लेख लिखिए।